RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार, 10 जनवरी 2023 | वर्ष 04 | अंक 228 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मुंबई के अस्पताल में मरीज को लगाई गई नकली इंजेक्शन

## एक मरीज की हुई मौत, 12 लोगों पर केस दर्ज...



**मुंबई :** मुंबई से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जहां दक्षिण मुंबई के सैफी अस्पताल में नकली आयरन इंजेक्शन देने की वजह से कथित तौर पर एक मरीज की मौत्त हो गई। पुलिस ने इस मामले में अस्पताल के मेडिकल स्टोर के मालिक सहित 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि नकली इंजेक्शन से मरीज पर प्रतिकूल प्रतिक्रिया हुई और उसने दम तोड़ दिया। वीपी रोड पुलिस ने शनिवार को सैफी मेडिकल स्टोर, एनआरएस फार्मा, अदितजीत फार्मा वितरक जैन एजेंसी, देव फार्मा, एमडीके फार्मा, वर्धन वितरक सिद्धिविनायक फार्मा, एमसी मेडिटेक सिस्टम, जय मां अंबा मेडिकोज, कान्हा फार्मा और जीआर फार्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी, विश्वासघात आदि की धाराएं लगाई हैं। साथ ही मामले में ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई है। पुलिस ने फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) के मेडिसिन इंस्पेक्टर की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। सैफी अस्पताल में 55 वर्षीय विवेक कांबली की संदिग्ध प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया के कारण मौत हो गई थी। जिसके बाद 17 नवंबर को एफडीए के आदेश पर इंजेक्शन के स्टॉक को सील कर दिया गया। मंत्रालय में बतौर क्लर्क काम करने वाले विवेक कांबली को आयरन की कमी के कारण सैफी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# नवी मुंबई की सोसाइटी में लिफ्ट में महिला के सामने गंदी हरकत

## पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को दबोचा

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई पुलिस ने सोमवार को तलोजा से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. दरअसल, व्यक्ति पर आरोप है कि उसने सोसाइटी के लिफ्ट में महिला के सामने अश्लील हरकत किया था. पुलिस ने आरोपी को सीसीटीवी वीडियो के आधार पर गिरफ्तार किया है. सोशल मीडिया पर एक एक्टिविस्ट ने इस खबर को शेयर किया था. उन्होंने इस जानकारी के साथ पुलिस को भी टैग किया था.

एक्टिविस्ट द्वारा शेयर की गई जानकारी के मुताबिक, घटना मार्बल आर्च नाम की तलोजा हाउसिंग सोसाइटी में हुई. एक्टिविस्ट बीनू वर्गीस ने ट्वीट किया, ''एक युवक लिफ्ट में एक



महिला के सामने गलत हरकत करते देखा गया है. घटना मार्बल आर्क, नवी मुंबई में हुई है.'' इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की. जांच के बाद पुलिस ने सीसीटीवी वीडिया निकाला, जिसके बाद घटना की जानकारी मिली. वीडियो में देखा गया है कि लिफ्ट में शख्स महिला से अश्लील हरकत कर रहा है. इस मामले का संज्ञान लेते हुए नवी मुंबई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है.

### घटना का वीडियो आया सामने

वीडियो में देखा गया है कि लिफ्ट में शख्स महिला से अश्लील हरकत कर रहा है. इस मामले का संज्ञान लेते हुए नवी मुंबई पुलिस ने महिला को थाने बुलाया और उसका जवाब दर्ज किया और उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है.

### पुलिस ने कही ये बात

पुलिस ने इस बारे में बताया कि महिला को थाने बुलाकर उसका जवाब दर्ज कराया गया है. मामला दर्ज किया जा रहा है. आरोपी को थाने लाया गया है. गिरफ्तारी भी की जा रही है.

# धारावी में पत्नी की कथित हत्या के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

## पिता का दावा- यह 'लव जिहाद' का मामला



**धारावी :** मध्य मुंबई के धारावी में अपने घर में 28 वर्षीय एक मजदूर को उसकी पत्नी के संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर में फंदे से लटके पाए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मध्य प्रदेश की रहने वाली मृतक महिला के पिता ने आरोप लगाया है कि यह 'लव जिहाद' का मामला है, क्योंकि आरोपी अपनी बेटी को बीफ खाने और उसका धर्म बदलने के लिए मजबूर कर रहा था। उन्होंने पुलिस में दर्ज एक शिकायत में यह आरोप लगाया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता और उसका पति नवंबर 2019 से धारावी के राजीव गांधी नगर में रह रहे थे। दंपति के दो बेटे हैं, जिनमें से एक ढाई साल का है और दूसरा पांच महीने का है। आरोपी निर्माण स्थलों पर मजदूर के रूप में काम करता है। महिला 5 जनवरी को अपने आवास पर फंदे से लटकी मिली थी। अधिकारी ने कहा कि उसकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गर्दन को दबाने के बाद श्वासावरोध का उल्लेख किया गया है। इसके बाद पुलिस ने शनिवार को महिला के पति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या की सजा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की।

# आरे रुग्णालय 24 घंटे चालू करने के लिए जीवनधारा संघ का आजाद मैदान में एक दिवसी भूख हड़ताल संपन्न हुआ

**गोरेगांव :** आरे कॉलोनी गोरेगांव में 50 साल पुराना हॉस्पिटल जो जर्जर हो गया हॉस्पिटल की बेड सड़ गई कमरे में से बास आता है हॉस्पिटल में कोई नर्श डाक्टर नही सुबह एक डॉक्टर आता है 1 घंटे में चला जाता है जिसके कारण आरे की जनता को बहुत से परेशानियों का सामना करना पड़ता है आरे कॉलोनी में 5 लाख की आबादी है जिसमे एक हॉस्पिटल रहने के बाद भी जनता के लिए उपयोग में नही और आए दिन तेंदुवा,चीते जानवर आते जो आरे के रहीवासियो पर हमला करते जिससे कई जाने चली गई और महानगरपालिका का हॉस्पिटल 10 से 12 किलोमीटर दूर है जिससे रास्ते में मौत हो जाति महिलाएं प्रेगनेंट और समय पर हॉस्पिटल न पहुंच पाने से कभी भी दम तोड देती और कभी रास्ते में ही बच्चे को



जन्म देती है जनता की समस्याओं को देखकर वन्हा की रहिवासी जीवनधारा संघ की राष्ट्रीय युवती सचिव सरिका नायडू ने संस्था से संपर्क किया और सभी जगह पत्र व्हहार किया और शासन प्रशासन के लोगो से मुलाकात किया जिसके बाद कोई रिजल्ट नही फिर आरे रुग्णालय के बाहर 11 नवंबर 2021 को आमरण अनशन पर बैठे जिसके बाद आरे कॉलोनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और आरे पोलीस स्टेशन की वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ज्योति देसाई ने अनशन खत्म करने के लिए 6 मांगे थी उसे पूरी करने के लिए 6 महीने की अवधि ली लेकिन 1 साल हो गया जिसके लिए फिर से पत्र व्यवहार करके 1 महीना हो गया लेकिन कोई रिजल्ट नही जिसको लेकर अब संस्था और संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद पाण्डेय और राष्ट्रीय युवती सचिव सरिका नायडू आरे कॉलोनी गोरेगांव पूर्व में आरे रुग्णालय को 24 घंटे चालू करने के लिए और हॉस्पिटल को महानगर पालिका के हाथ में देने के लिए आज एक दिवसी भूख हड़ताल आंदोलन आजाद मैदान मुंबई में संपन्न हुआ और कोई ढंग का आश्वासन नहीं मिला।जीवनधारा संघ के सभी उपस्थित लोग आमरण अंदोलन एक दिन पूरा करके खत्म कर दिया लेकिन जीवनधारा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद पाण्डेय महाराष्ट्र सरकार को खुली चेतावनी दी की अगर एक महीने में कोई रिजल्ट नही आया तो 21 फरवरी 2022 को रास्ता रोको आंदोलन आरे रुग्णालय आरे कॉलोनी के बाहर रोड पर करेंगे अगर कानून सुव्यवस्था बिगड़ता है तो इसका जवाबदार शासन और प्रशासन होगी।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# विमान में अभद्रता...!

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया के विमान में महिला यात्री पर पेशाब करने के मामले में टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने भी खेद जता दिया, लेकिन यह प्रश्न अभी भी अनुत्तरित है कि आखिर इतनी शर्मनाक घटना को विमान के चालक दल ने इतने हल्के में क्यों लिया? इस प्रश्न का उत्तर एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पास भी नहीं, जिन्होंने कुछ दिन पहले इस घटना के लिए माफी मांगी थी। विमान के चालक दल ने सहयात्री महिला के साथ अभद्रता करने वाले यात्री से लिखित माफीनामा लेकर जिस तरह मामले को रफा-दफा कर दिया, वह हैरान करने वाला है। यह समझना भी कठिन है कि घटना के बाद पीड़ित महिला को वैकल्पिक सीट देने की जहमत क्यों नहीं उठाई गई? चूंकि ऐसा करने से इन्कार किया गया इसलिए बुजुर्ग महिला को उसी गंदी सीट पर बैठे रहने के लिए विवश होना पड़ा।

इतना ही नहीं दिल्ली पहुंचने पर उन्हें ग्राउंड स्टाफ से किसी तरह का सहयोग नहीं मिला। एक तरह से चालक दल बेहद अप्रिय प्रसंग को न तो हवा में सही ढंग से संभाल सका और न ही जमीन पर। इस कारण बुजुर्ग महिला यात्री के साथ जो कुछ हुआ, वह मानसिक उत्पीड़न ही है। यह तो अच्छा हुआ कि इस मामले को लेकर हंगामा खड़ा हुआ। इस हंगामे के बाद एयर एंडिया ने पुलिस में शिकायत की और अभद्रता के आरोपित को एक महीने के लिए प्रतिबंधित किया। अब आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन इतना ही पर्याप्त नहीं। उन कारणों की तह तक जाना चाहिए, जिनके चलते एयर इंडिया के चालक दल ने आरोपित को सबक सिखाने वाली कोई कार्रवाई नहीं की।

नवंबर माह में न्यूयार्क से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की उड़ान में जो कुछ हुआ, उसे लेकर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय का हस्तक्षेप करना आवश्यक था। उसके हस्तक्षेप के बाद ही घटना का गवाह बने विमान के चालक दल को एक माह के लिए ड्यूटी से हटाया गया। एयर इंडिया ने इस घटना को लेकर जिस तरह यह कहा कि अनियंत्रित यात्रियों से निपटने की नीतियों के बारे में चालक दल को जागरूक करने के लिए एक व्यापक शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया गया है, उससे यही साबित होता है कि अभी जो भी नीतियां हैं, वे कागजी ही अधिक हैं और उन्हें लेकर स्पष्टता नहीं। यदि ऐसा नहीं होता तो उक्त मामले से इतने भद्दे तरीके से नहीं निपटा गया होता। चूंकि जैसी घटना एयर इंडिया के विमान में घटी, वैसी घटनाएं घटती ही रहती हैं, इसलिए उनसे सख्ती से निपटने के बारे में स्पष्ट नियम बनाने और उनका पालन करना अनिवार्य है। यह इसलिए होना चाहिए, क्योंकि एयर इंडिया का स्टाफ इसलिए शांत होकर बैठ गया था, क्योंकि पीड़ित महिला मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाह रही थी।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# गर्लफ्रेंड को ब्लैकमेल करने पर बौखलाया शख्स...

## दोस्त पर दरांती से किया जानलेवा हमला, गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई की मलाड पुलिस ने 20 वर्षीय छात्र को अपने दोस्त को दरांती से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा है कि मरने वाला शख्स आरोपी की गर्लफ्रेंड का पूर्व प्रेमी था. अधिकारियों ने कहा कि मरने वाला दोस्त कथित तौर पर लड़की को धमकी दे रही थी कि अगर वह उसके साथ वापस नहीं आई तो वह उसके पिता को उनके रिश्ते के बारे में जानकारी करेगा और अंतरंग तस्वीरें भेज देगा. पुलिस के अनुसार, 20 वर्षीय पीड़ित मलाड पश्चिम के एक कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष का छात्र है और जोगेश्वरी पूर्व में रहता है. अधिकारियों ने कहा कि वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है. अधिकारियों ने कहा कि आरोपी ने वीडियो गेम खेलने के बहाने अपने दोस्त को बुलाया था.

**अधिकारियों ने दी ये जानकारी**

अधिकारियों ने कहा कि आरोपी ने वीडियो गेम खेलने के बहाने अपने दोस्त को बुलाया. जब पीड़ित गेम खेलने में व्यस्त था, तब आरोपी ने उसके सिर पर वार किया. बाद में उसने पीड़िता के पैर पर लोहे की रॉड से हमला किया और उसे बेडरूम से ड्राइंग रूम तक खींच ले गया. पीड़ित ने यह भी कहा कि आरोपी ने उसके कपड़े से अपना खून पोंछा.

**पुलिस ने पीड़ित का बयान किया दर्ज**

अधिकारियों ने कहा कि इसके बाद आरोपी लड़के ने पीड़ित को अपनी मोटरसाइकिल पर दूसरी जगह ले जाने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान वह भागने में सफल रहा और अस्पताल चला गया. वहीं पर पुलिस ने पीड़ित का बयान दर्ज किया और आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 307 (हत्या का प्रयास) और 506 (2) (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया.

# पत्नी से प्रेम संबंध को लेकर दोस्त ने गोली मारकर की शख्स की हत्या



**नागपुर :** नागपुर में विवाहेतर संबंध को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की उसके दोस्त ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कथित शूटर और उसकी पत्नी सहित पांच लोगों को अविनाश घुमड़े की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, जो एक सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी का बेटा है हिंगना पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि रविवार की रात मुख्य आरोपी और पीड़िता के बीच इस कथित रिश्ते को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

# आठवले ने शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट और पीआरपी के बीच गठबंधन को लेकर जताई नाराजगी, कही ये बड़ी बात



**मुंबई :** केंद्रीय मंत्री और आरपीआई (ए) प्रमुख रामदास आठवले ने शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट द्वारा महाराष्ट्र में 'महायुति' भागीदारों से परामर्श किए बिना जोगेंद्र कावड़े के नेतृत्व वाली पीपुल्स रिपब्लिकन पार्टी (पीआरपी) के साथ गठबंधन करने पर रविवार को नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने कहा कि गठबंधन करने से पहले भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) से परामर्श किया जाना चाहिए था.

**क्या बोले केंद्रीय मंत्री आठवले**

आठवले ने कहा, ''प्रो. जोगेंद्र कावड़े हमारे अच्छे दोस्त हैं और हमने साथ काम किया है, लेकिन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को उनसे गठबंधन करने से पहले हमसे सलाह-मशविरा करना चाहिये था. नई पार्टियों का 'महायुति' (महागठबंधन) में स्वागत है, लेकिन हमसे सलाह किए बिना और सीधे घोषणा किए बिना किसी को शामिल करना सही नहीं है.''

**सीएम शिंदे और फडणवीस से करेंगे बात**

उन्होंने कहा कि उन्हें पता नहीं है कि गठबंधन को अंतिम रूप देने से पहले बीजेपी से सलाह ली गई थी या नहीं. कावड़े और आठवले दोनों की राजनीति महाराष्ट्र में दलितों के इर्द-गिर्द केंद्रित है. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से बात करेंगे. गौरतलब है कि पिछले सप्ताह शिवसेना के शिंदे के नेतृत्व वाले गुट ने लोकसभा के पूर्व सदस्य एवं पूर्व एमएलसी कावड़े के साथ गठबंधन की घोषणा की थी.

**संजय राउत के गाली देने का मामला**

शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) और राज्यसभा मेंबर संजय राउत हमेशा अपने विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं. बीते दिनों इस बार संजय राउत केंद्रीय मंत्रियों को गाली देते हुए कैमरे में कैद हो गए. उन्होंने इस दौरान अपशब्दों का प्रयोग करते हुए कहा, 'वह दूसरे सभी मुद्दों पर बोलते हैं और छत्रपति शिवाजी महाराज के अपमान पर नहीं बोलते हैं.'

# मुंबई से आया उमरिया का अंतरराज्यीय ड्रग पैडलर रेलवे स्टेशन के पास गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई से स्मैक लेकर आए ड्रग पैडलर को एसटीएफ जबलपुर इकाई के जवानों ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से 200 ग्राम स्मैक जब्त की गई, जिसे पिट्ठू बैग में छिपा रखा था। ड्रग पैडलर रेलवे स्टेशन से निकलकर स्मैक की डिलीवरी देने तस्कर का इंतजार कर रहा था। गिरफ्त में आए ड्रग पैडलर अनिल सिंह पिता स्व. मिलन सिंह निवासी ए-7/7 वार्ड क्रमांक 13 विंध्य बस्ती ग्राम महुरा थाना नौरोजाबाद जिला उमरिया को कड़ी पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने रिमांड की मांग की। कोर्ट ने दो दिन की रिमांड स्वीकृत की है। पुलिस ड्रग तस्करी के नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

एसटीएफ जबलपुर इकाई के प्रभारी संजय बघेल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्मैक की कीमत लाखों रुपये आंकी गई है। अनिल सिंह मुंबई में कपड़े की दुकान में काम करता है। उन्होंने बताया कि एडीजी एसटीएफ वीके माहेश्वरी, डीआइजी मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर इकाई द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।



**मुखबिर ने दी थी सूचना-**

एसटीएफ इकाई प्रभारी बघेल ने बताया कि मुखबिर ने स्मैक तस्करी की सूचना दी थी। जिसके बाद उप निरीक्षक रघुवीर सिंह सरौते के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। प्रधान आरक्षक निर्मल सिंह, छत्रपाल सिंह, आरक्षक अंजनी पाठक, नीलेश दुबे, प्रवीण बावरिया, रूपेश राय एवं विजय तिवारी को टीम में शामिल कर रेड कार्रवाई के लिए भेजा गया। मुखबिर की सूचना के आधार पर जवानों ने रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक छह के बाहर डीआरएम कार्यालय की कैंटीन के समीप बैठे अनिल सिंह को पकड़ा। मुखबिर ने सूचना दी थी कि उसके पास बड़ी मात्रा में स्मैक रखी है।



# नए साल में मुंबईकरों को ट्रैफिक जाम से मिलेगी निजात !

## मुंबई बीएमसी के कई बड़े प्रोजेक्ट होंगे पूरे, गोरेगांव-मुलुंड लिंक जैसे प्रोजेक्ट की शुरूआत होगी



**मुंबईः** यह साल मुंबईकरों के लिए काफी राहत वाला होगा। ट्रैफिक की समस्या से जूझ रहे मुंबईकरों का सफर आसान करने के लिए बीएमसी के कई प्रोजेक्ट पूरे हो सकते हैं, कई के शुरू होने की उम्मीद है। ये प्रोजेक्ट हजारों करोड़ रुपये के हैं। जहां कोस्टल रोड आम लोगों के आने-जाने के लिए खुल सकता है, वहीं गोरेगांव-मुलुंड लिंक जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की शुरूआत होगी। गोखले ब्रिज को मई में खोलने की योजना है। हिमालय ब्रिज अगले महीने चालू हो जाएगा। अंधेरी-घाटकोपर लिंक रोड का काम भी जल्द पूरा होने की उम्मीद है। बीएमसी इस साल करीब 400 किमी लंबी सड़क पूरी तरह से सीमेंटेड करेगी। इससे जहां मुंबईकरों का समय बचेगा, वहीं ईंधन की भी बचत होगी। 12,700 करोड़ रुपये लागत से बनाये जा रहे कोस्टल रोड से 35 परसेंट होगी ईंधन की बचत होगी। कमिश्नर चहल ने दावा किया है कि इस साल के अंत तक कोस्टल रोड को खोल दिया जाएगा। इसका काम 13 अक्टूबर 2018 से शुरू हुआ। अब तक कोस्टल रोड का करीब 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। बीएमसी मरीन ड्राइव से बांद्रा-वर्ली सी लिंक तक 10.58 किलोमीटर लंबा कोस्टल रोड बना रही है। प्रिंसेस स्ट्रीट फ्लाइओवर से प्रियदर्शिनी पार्क के बीच 2.072 किमी लंबी दो समानांतर टनल बना रही हैं। 8 लेन के इस फ्री-वे से रोज 1.30 लाख वाहन गुजरेंगे। यहां अंडरग्राउंड पार्किंग में 1,852 कारों की पार्किंग का इंतजाम होगा।

**अंधेरी-घाटकोपर लिंक रोड तैयार**

4.32 किमी लंबी और 45.46 मीटर चौड़ी अंधेरी-घाटकोपर लिंक रोड सीमेंट-कॉंक्रीट से 2016 से बनाई जा रही है। इसका 99 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। बीएमसी इसे जल्द ही ट्रैफिक के लिए खोल देगी। इस मार्ग से अंधेरी से घाटकोपर सीधे जाया जा सकता है। पवई और कुर्ला भी कनेक्टेड हैं। एमआईडीसी मरोल जाने का यह महत्वपूर्ण मार्ग है।

**गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड दो साल में**

12.2 किमी लंबी गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड के जरिए 75 मिनट की दूरी महज 25 मिनट में पूरी की जा सकेगी। बीएमसी ने फरवरी से इसे बनाने का प्रस्ताव दिया है। इसकी लागत 16,072 करोड़ रुपये होगी और यह दो साल में बन जाएगी।

## मुंबई के वर्ली में बड़ा हादसा, हाइड्रोलिक लिफ्ट गिरने से दो कांच सफाईकर्मी की मौत



मुंबई से बड़ी खबर आ रही है। मुंबई के वर्ली में सोवमार को एक हाईड्रोलिक लिफ्ट गिर जाने से दो क्लीनर्स की मौत हो गई। बृहन्मुंबई नगर पालिका ने बताया कि वर्ली में 15 मंजिला इमारत से हाइड्रोलिक लिफ्ट गिरने से दो कांच सफाईकर्मियों की मौत हो गई। मौके पर मुंबई पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चेक बाउंस होने पर अदालत ने बिल्डर को दो साल की जेल और 5.6 करोड़ का लगाया जुमार्ना

**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र की एक अदालत ने चेक बाउंस के दो मामलों में एक बिल्डर को दो वर्ष कैद और 5.6 करोड़ का अर्थदंड लगाया। मामले 2.55 करोड़ व 25 लाख रुपये के दो चेकों के भुगतान से संबंधित थे। अदालत ने आरोपी के खिलाफ भुगतान की तय राशि का दोगुना जुमार्ना लगाया है। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट एसबी काले ने यह फैसला 12 दिसंबर को सुनाया था, लेकिन आदेश का ब्योरा शनिवार को उपलब्ध हुआ।



बिल्डर के खिलाफ मुकदमा ठाणे के एक वकील ने दर्ज कराया था, जिन्हें कानूनी सेवाओं के बदले वे चेक दिए गए थे।

## किशोर ने पांच साल की बच्ची से किया रेप, गिरफ्तार

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के एक सरकारी स्कूल परिसर में एक किशोर ने पांच साल की एक बच्ची के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया। एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने शनिवार देर रात नालासोपारा से 15 वर्षीय लड़के को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि घटना शनिवार दोपहर की है, जब आरोपी बच्ची को बहला फुसला कर स्कूल ले गया और उसके साथ कथित बलात्कार किया। अधिकारी ने कहा कि आरोपी मौके से भाग गया, लेकिन बच्ची अपने घर पहुंच गयी और अपने माता-पिता को सूचित किया। उन्होंने कहा कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई और पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। अधिकारी ने कहा कि पुसिस ने बांद्रा, खार, चेंबूर, नागपाड़ा समेत अन्य जगहों पर छापेमारी की और आरोपी को नालासोपारा से गिरफ्तार कर लिया गया।

## मुंबई के शिक्षक की पुणे में डूब कर हुई मौत

**मुंबई।** मुंबई के रहने वाले 62 वर्षीय एक शिक्षक की रविवार को पुणे के पावना बांध में डूबने से मौत हो गई। मृतक का नाम प्रेमप्रकाश रोशनलाल भाटिया था। भाटिया की उम्र 62 साल थी जो मुंबई के कुर्ला में नेहरु नगर इलाके के रहने वाले थे। मिली जानकारी के मुताबिक भाटिया परिवार रविवार को पावना डैम क्षेत्र के दुधिवारे गांव में पर्यटन के लिए आया था। सुबह करीब 11 बजे प्रेमप्रकाश भाटिया पवना बांध में तैरने के लिए पानी में उतरे थे। लेकिन तैरते समय भाटिया थक गए और वे डूब गए। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद लोनावाला ग्रामीण थाने ने स्थानीय लोगों की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया। शिवदुर्ग संस्था की टीम भी मौके पर पहुंची। आखिर काफी मशक्कत के बाद भाटिया को पानी से बाहर निकाला। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मामले में लोनावला ग्रामीण थाने में अचानक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

## फार्मेसी कोर्स के नए छात्रों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन

**नाशिक।** कल्याणी चैरिटेबल ट्रस्ट के सपकाल नॉलेज हब द्वारा संचालित रवींद्र गंभीरराव सपकाल कॉलेज ऑफ फार्मेसी महाविद्यालय के प्रथम वर्ष बी.फार्मेसी, द्वितीय वर्ष बी.फार्मेसी और प्रथम वर्ष एम. फार्मेसी कोर्स के नए छात्रों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. डॉ आर.एस बच्छाव ने नए छात्रों का स्वागत किया और कॉलेज में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों और अनुशासन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपस्थित संस्था के अध्यक्ष डॉ. रवींद्र सपकाल ने विशिष्ट मेहमानों का स्वागत किया और छात्रों को समय पर कॉलेज आने और दैनिक कक्षाओं और प्रदर्शनों के लिए उपस्थित होने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि छात्र संस्थान में सफल जीवन व्यतीत करें और इसके लिए संस्थान हर संभव सहयोग देने को तैयार है।

## पैरोल के बाद फरार हत्या का दोषी मुंबई में गिरफ्तार...



**मुंबई :** पैरोल पर छूटने के बाद तीन साल से अधिक समय से फरार हत्या के मामले में दोषी 62 वर्षीय एक व्यक्ति को यहां पश्चिमी उपनगर साकी नाका से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने रविवार रात संबंधित व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने कहा कि यह व्यक्ति हत्या के मामले में 1995 से औरंगाबाद जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था, लेकिन नौ मई, 2020 को कोविड-19 महामारी के दौरान उसे आपातकालीन पैरोल पर रिहा कर दिया गया था। अधिकारी ने कहा कि उसके कुछ दिन बाद जेल लौटने की उम्मीद थी, लेकिन वह फरार हो गया।

## नायलॉन मांझे से दो लोग घायल

**नाशिक।** शहर में नायलॉन मांझे पर रोक के बावजूद धड़ल्ले से उसका उपयोग किया जा रहा है और उसके दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार एक ही दिन नायलॉन मांझे से दो घटनाएं हुई हैं, जिसमें एक बच्चा सहित दो लोग घायल हुए हैं। पहली घटना के मुताबिक जुनैद शेख (30) शाम के समय अपने दोपहिया वाहन से घर जा रहे थे, जब वे प्रगति स्कूल के समीप पहुंचे तभी उसके गले में नायलॉन का मांजा फंस गया। हाथ से मांजा निकालने के प्रयास में शेख सड़क पर गिर पड़े। शाम के समय यह सड़क काफी व्यस्त रहती है। गनीमत रही कि सड़क पर ट्रैफिक नहीं होने के कारण उसकी जान बच गई। हालांकि, उनके दोनों हाथ और पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। यह घटना सामाजिक कार्यकर्ता वैभव रोंडल की दुकान के सामने हुई। उन्होंने तुरंत शेख की मदद करते हुए उन्हें कैलाश महाजन अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दूसरी घटना में जाधव संकुल क्षेत्र में सिद्धेश जाधव (11) नामक बच्चा शाम को मैदान में खेल रहा था, तभी उसके हाथ में नायलॉन मांझा फंस गया, जिसकी धार से उसकी तीन अंगुलियां कट गईं। घाव इतना गंभीर था कि उसे छह टांके लगाने पड़े। बता दें कि मकर संक्रांति नजदीक है, जिसकी वजह से शहर में नायलॉन मांझे की बिक्री का सिलसिला बढ़ गया है। इससे पहले भी नायलॉन मांझे से कई पक्षी और नागरिक गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं।

## पुणे मेट्रो के फेज 1 के कार्य में तेजी

**पुणे** । पिछले साल पुणे और पिंपरी-चिंचवड के लोगों का मेट्रो से यात्रा करने का लंबा सपना आखिरकार पूरा हुआ। हालांकि, महज पांच से सात किलोमिटर के लिए शुरु की गई इस मेट्रो से यात्रियों ने मूंह मोड़ लिया । पुणे मेट्रो के फेज 1 में वनाज से रामवाडी और स्वारगेट से पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका के दौरान पूरे 32 किलोमिटर लंबे मार्ग के लिए डिसेंबर 2021 की डेडलाइन दी गई थी। लेकिन, 2023 के शुरुआत के बावजुद अभी तक पुणे मेट्रो के फेज 1 का कार्य पूरा नहीं हुआ है। इस वर्ष में इन रुटों पर यात्रा करने का पुणेकरों का सपना साकार होगा। इसके लिए इन रुटों के बचे हुए कार्यों को तेजी के पूरा किया जा रहा है।



पुणे मेट्रो के वनाज से रामवाडी और स्वारगेट से पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका भवन मार्ग का कार्य तेजी से शुरु है। इसी बीच हाल ही में वनाज से फुगेवाडी स्टेशन तक के मेट्रो मार्ग सफल परीक्षण किया गया। अगले 2 से 3 महिनों में वनाज से पिंपरी-चिंचवड तक पुणेकर यात्रा कर सकेंगे, ऐसा दावा महामेट्रो प्रशासन ने किया है। पुणे में मेट्रो की डिमांड पुरानी थी, लेकिन, मेट्रो अंडरग्राउंड हो या एलिवेटेड इन सवालों पर ही मेट्रो की चर्चा पिछले कई सालों से खत्म हो जाती थी। काफी चर्चा और बहस के बाद पुणे मेट्रो के पिंपरी-चिंचवड से स्वारगेट और वानज से रामवाड़ी मार्ग को मंजुरी दी गई थी।

### पूरे 32 किलोमिटर मार्ग पर मेट्रो शुरु होने की आवश्यकता

डिसेंबर 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों मेट्रो का भूमिपूजन संपन्न हुआ। पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका भवन से स्वारगेट स्टेशन (16 .5 किमी) और वानज से रामवाड़ी स्टेशन (14 .6 किमी) तक 32 किमी लंबाई के 2 मार्ग के निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। इन मेट्रो मार्गों को डिसेंबर 2021 में पूरा करने का लक्ष रखा गया था। पिछले साल मेट्रो के पहले चरण का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों किया गया। लंबे इंतजार के बाद शुरु हुई मेट्रो के शुरुआत का दोनों शहरों के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। लेकिन, अभी भी पुणे मेट्रो के फेज 1 के सभी रुटों पर मेट्रो शुरु नहीं हुई है। इस नए साल के आखिरतक पुणे मेट्रो के फेज 1 का काम पूरा होने की संभावना है और उसके बाद पुणे और पिंपरी-चिंचवडकर के नागरिकों को पूरे 32 किलोमिटर लंबे मार्ग पर यात्रा करने मौका मिलेगा।

# मुंबई की मलिन बस्तियों में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक

## कांग्रेस पदाधिकारियों की अतिरिक्त पुलिस आयुक्त से चर्चा

**मुंबई :** पिछले कुछ महीनों से मुंबई की मलिन बस्तियों में भारी मात्रा में मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त के कारण युवा पीढ़ी नशे की आदी होने लगी है। इसलिए भविष्य में इस पीढ़ी को बचाने के लिए कांग्रेस ने नशा बेचने वालों और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को कांग्रेस प्रवक्ता सचिन सावंत ने कांदिवली क्षेत्र में विभिन्न संगठनों और कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ उत्तर पश्चिम क्षेत्रीय पुलिस मंडल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजीव जैन से मुलाकात की। इस बैठक में सचिन सावंत ने इस बात की जांच करने की मांग की कि गुजरात के मुद्रा बंदरगाह पर पहुंचने वाली हजारों किलो ड्रग्स का मुंबई कनेक्शन है या नहीं। इस समय मुंबई के स्लम इलाकों में ड्रग्स का फैलाव बहुत तेजी से बढ़ रहा है। युवा पीढ़ी देश का भविष्य है। इन नशीले पदार्थों के फैलाव से न सिर्फ देश की युवा पीढ़ी का भविष्य बर्बाद हो



रहा है, बल्कि इससे कई परिवारों का पेट भी भरता है।

**सावंत का आरोप**

गुजरात के बंदरगाहों पर अक्सर हजारों किलो ड्रग्स पहुंच रही है। लेकिन जांच प्रणाली अपने मूल तक नहीं पहुंचती है। इस बारे में बात करते हुए सचिन सावंत ने कहा कि इस बात की जांच की जरूरत है कि क्या इन ड्रग्स का मुंबई कनेक्शन है। इस बार आरोप लगाते हुए उन्होंने यह भी कहा कि इस मसले पर बीजेपी का रूख केवल राजनीतिक है। नारकोटिक्स कंट्रोल डिवीजन सिर्फ ड्रग लेने वालों के पीछे लगा रहता था, लेकिन उन्होंने इस बात पर भी अफसोस जताया कि ड्रग पेडलर्स पकड़े नहीं जा रहे हैं। इस मौके पर बोलते हुए सावंत ने यह भी कहा कि वह बृहन्मुंबई नगर निगम से जल्द ही हर झुग्गी में एक नशामुक्ति केंद्र बनाने की मांग करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व नगरसेवक राणा सिंह, मुंबई कांग्रेस के सचिव आनंद राय, आर. पी. पाण्डे, रत्नाकर सिंह, सुनील तिवारी, राकेश झा सहित कुछ नगरीय संगठनों के पदाधिकारी शामिल थे। अपर आयुक्त का आज का दौरा पश्चिमी उपनगर के कांदिवली क्षेत्र में नशे के खिलाफ था। इसलिए जल्द ही वह मुंबई पुलिस के कमिश्नर से मिलेंगे और मुंबई के सभी हिस्सों की झुग्गियों में इस समस्या पर कड़ी कार्रवाई करने पर जोर देंगे।

### अब स्कूली बच्चे बन रहे हैं बड़े रैकेट का निशाना

**इसके पीछे एक बड़ा रैकेट है और अब स्कूली बच्चे इसका निशाना बन रहे हैं। इसके साथ ही यह बात भी सामने आ रही है कि यह मिडिल क्लास हाउसिंग सोसाइटी में फैल रहा है और महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन सावंत ने मांग की कि नशे के इस प्रसार को रोका जाना चाहिए। पूर्व पार्षद राणा सिंह, मुंबई कांग्रेस सचिव आनंद राय, आर. पी. पाण्डेय, रत्नाकर सिंह, सुनील तिवारी, राकेश झा सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस यात्रा के दौरान पोसर क्षेत्र में नागरिक संगठनों द्वारा लिए गए इस विषय पर नागरिकों के हस्ताक्षर का बयान राजीव जैन को दिया गया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त जैन ने आश्वासन दिया कि यह मामला बेहद गंभीर है और नशा रैकेट को जड़ से खत्म कर दिया जाएगा।**

# नासिक में मिनी बस पलटने से 14 पर्यटक घायल




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के नासिक जिले में सोमवार को पर्यटकों को ले जा रही एक मिनी बस के पलट जाने से कम से कम 14 लोग घायल हो गए, जिनमें से छह की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना दोपहर करीब दो बजे त्र्यंबकेश्वर-नासिक मार्ग पर हुई जब पर्यटकों का एक समूह ब्रह्मगिरी पर्वत श्रृंखला का दौरा कर अपने होटल लौट रहा था। उन्होंने कहा कि मोड़ पर बातचीत के दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे मिनी बस पलट गई। अधिकारी ने कहा कि 14 लोगों को चोटें आईं और उन्हें त्र्यंबकेश्वर अस्पताल ले जाया गया, जहां से छह को नासिक के जिला नागरिक अस्पताल और दो को एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि सिविल अस्पताल में भर्ती छह घायलों की हालत गंभीर है। अधिकारी ने बताया कि बुलढाणा से पर्यटकों को लेकर जा रही बस में चालक सहित 34 यात्री सवार थे।

# नवी मुंबई में पेपर रोल फैक्ट्री में लगी भीषण आग

## हादसे में झुलसकर हुई महिला की मौत...

**मुंबई :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के नवी मुंबई शहर में पेपर रोल बनाने वाली एक फैक्ट्री में आग लग गई। फैक्ट्री में आग लगने से 40 वर्षीय एक महिला की आग में झुलसकर मौत हो गई है। आग बुझाने के दौरान महिला के साथ साथ एक अग्निशमन कर्मी भी झुलस गया। शनिवार तड़के हुई इस घटना में फैक्ट्री की एक इकाई नष्ट हो गई। नवी मुंबई नगर निगम के प्रभागीय अग्निशमन अधिकारी पुरुषोत्तम जाधव के मुताबिक कागज फैक्ट्री में आग लगने की घटना ऐरोली इलाके में हुई थी। उन्होंने कहा कि ऐरोली इलाके में स्थित कारखाने में शनिवार दोपहर साढ़े तीन बजे आग लगी और फैक्ट्री की एक एक इकाई नष्ट हो गई है।



**आग में झुलसी महिला**

ऐरोली, कोपरखैरने, वाशी और रबाले के पड़ोसी इलाकों से दमकलकर्मी आग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। हालांकि शनिवार देर रात तक आग पर काबू पा लिया। अधिकारी ने बताया कि कूलिंग ऑपरेशन के बाद जब दमकलकर्मियों ने कारखाने के परिसर का निरीक्षण किया, तो उन्हें एक महिला का जला हुआ शव मिला, जिसकी पहचान उर्मिला नाइक के रूप में हुई है उन्होंने कहा कि स्थानीय निवासी महिला कारखाने की रसोई में काम करती थी। उन्होंने बताया कि महिला आग की चपेट में आ गई जिससे वह पूरी तरह से झुलस गई थी।

**हादसे में दमकलकर्मी घायल**

पुलिस ने महिला के शव को बरामद कर लिया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। इस पूरे घटनाक्रम में रबाले पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया। अधिकारी ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है लेकिन जांच की जा रही है। दमकल अधिकारी ने कहा कि पेपर फैक्ट्री में लगी आग में एक दमकलकर्मी भी घायल हो गया।

## नालासोपारा में खौफनाक घटना

# 15 साल के लड़के ने 5 साल की बच्ची से स्कूल में किया रेप, गिरफ्तार

**मुंबई :** साउथ मुंबई से एक खौफनाक घटना सामने आई है. दरअसल, दक्षिण मुंबई के सिविक स्कूल परिसर में एक 15 साल के बच्चे ने पांच साल की लड़की से रेप किया. इस घटना से शहर के लोग काफी हैरान हैं. पुलिस के एक अधिकारी ने इस बारे में जानकारी दी है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पालघर जिले के नालासोपारा के 15 साल के लड़के को शनिवार रात गिरफ्तार किया गया. अधिकारी के मुताबिक, घटना शनिवार दोपहर की है जब आरोपी बच्ची को बहला फुसला कर स्कूल ले गया और उसके साथ रेप किया. पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि लड़का घटनास्थल से भाग गया, लेकिन नाबालिग अपने घर पहुंचने में सफल रही और अपने माता-पिता को सूचित किया. पुलिस ने लड़की के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है. इस घटना के बाद से लड़की के परिवार में काफी आक्रोश है. पुलिस ने घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज की जांच की. सीसीटीवी के आधार पर आरोपी को पकड़ लिया गया है. पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, पुलिस ने बांद्रा, खार, चेंबूर और नागपाड़ा सहित अन्य जगहों पर छापेमारी की और आरोपी को नालासोपारा में गिरफ्तार कर लिया गया.



**पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

पुलिस ने घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज की जांच की. सीसीटीवी के आधार पर आरोपी को पकड़ लिया गया है. पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, पुलिस ने बांद्रा, खार, चेंबूर और नागपाड़ा सहित अन्य जगहों पर छापेमारी की और आरोपी को नालासोपारा में गिरफ्तार कर लिया गया. इसके अतिरिक्त, पुलिस ने कहा कि भारतीय दंड संहिता और यौन अपराध से बच्चों के संरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था. फिलहाल आगे की जांच जारी है.


मालिक, मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com